भोपाल | शनिवार | 26 जुलाई 2025 | वर्ष 69 | अंक 172 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 देश में ई-वाहनों का बढ़ता आकर्षण


5 फडणवीस की शाह से सियासी मुलाकात


8 चिराग-सात्विक की दामदार जीत, सेमीफाइनल में पहुंचे


9 नया टैक्स बिल अब और आसान : वित्त मंत्री

# स्कूल छत गिरने से 7 बच्चों की मौत

**20** बच्चे हुए घायल, राजस्थान के झालावाड़ जिले में पीपलोदी स्कूल का मामला | **05** शिक्षकों को सरकार ने किया निलंबित | **05** बच्चों की हालत गंभीर

**झालावाड़ 25 जुलाई. राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक स्थित पिपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ. यहां राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की छत भरभराकर गिर गई, जिससे स्कूल की दीवार भी ढह गई. हादसे में अब तक 7 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 20 बच्चे घायल हुए हैं. हादसे के समय स्कूल में दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे. शुरुआती जांच में स्कूल भवन के जर्जर होने और लगातार हो रही बारिश को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है.**



घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया. जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाया गया और घायल बच्चों को मनोहरथाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. गंभीर रूप से घायल 4-5 बच्चों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है. मौके पर जिलाधिकारी, एसपी अमित कुमार बुडानिया, शिक्षा विभाग के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे. राहत कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन की मदद की.

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भरतपुर में मीडिया से बात करते हुए बताया कि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और तत्काल प्रभाव से पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है. दिलावर ने भरतपुर का अपना तय कार्यक्रम रद्द कर झालावाड़ के लिए रवाना हो गए हैं. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश भर के जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 200 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है. हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गहरा शोक जताया है. साथ ही इस हादसे पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर पोस्ट किया, झालावाड़ के मनोहरथाना में एक सरकारी स्कूल की इमारत गिरने से कई बच्चों एवं शिक्षकों के हताहत होने की सूचना मिल रही है. मैं ईश्वर से कम से कम जनहानि एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने की प्रार्थना करता हूं.

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर लिखा, झालावाड़ के स्कूल में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है. मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. प्रशासन राहत कार्य में जुटा है.
>
> मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायल बच्चों के इलाज में कोई कमी न रहे और हादसे की निष्पक्ष जांच की जाए.

# डिप्टी कमिश्नर पर ईओडब्ल्यू का शिकंजा, करोड़ों का खुलासा

**10** लग्जरी कमरों का नवनिर्मित रिसॉर्ट भी मिला

**मंडला 25 जुलाई नभाप्र. भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत एक बड़ा खुलासा हुआ है. जिसमें आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश सरवटे की मंडला में मिली संपत्ति पर ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की. बताया गया कि ईओडब्ल्यू की कार्रवाई मंगलवार से शुरू हुई. इस कार्रवाई में ईओडब्ल्यू की टीम ने गुरुवार को मंडला में डिप्टी कमिश्नर की मिली संपत्तियों की जांच की, जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं.**



जांच के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम को कान्हा नेशनल पार्क के मोचा के पास जमीन मिली है. इसके अलावा मोचा में ही मराठा रेस्टोरेंट से सटा हुआ एक 10 लग्जरी कमरों का नवनिर्मित रिसॉर्ट भी मिला है. इस रिसॉर्ट के सामने के हिस्से में दुकानें भी बनाई गई हैं. पर्यटन क्षेत्र में इस तरह की व्यावसायिक संपत्ति मिलना जांच के दायरे को और बढ़ा दिया है.

बताया गया कि ईओडब्ल्यू की टीम ने मंडला जबलपुर नेशनल हाईवे 30 मार्ग में स्थित ग्राम बबैहा में एक ढाबा भी खोज निकाला. ये सभी संपत्तियां डिप्टी कमिश्नर जगदीश सरवटे के पद और आय से अधिक संपत्ति होने का संकेत दे रही हैं. ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के अनुसार टीम अभी मोचा और ग्राम बबैहा में मिली इन सभी संपत्तियों की जांच कर रही है. मिली इन संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों और उनके स्वामित्व की गहन पड़ताल की जा रही है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये संपत्तियां वैध तरीके से अर्जित की गई हैं या नहीं.

## एक नजर में



### उमा कांजीलाल इग्नू की नयी कुलपति नियुक्त

**नयी दिल्ली.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) कुलपति पर प्रोफ़ेसर उमा कांजीलाल की नियुक्ति की गयी है. वह विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला कुलपति हैं. वह यहां गत वर्ष से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत थीं. प्रोफ़ेसर कांजीलाल को शिक्षा जगत में दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है और ई-लर्निंग, मल्टीमीडिया कोर्सवेयर विकास, पुस्तकालयों में आईसीटी अनुप्रयोग और डिजिटल लाइब्रेरी में उनकी विशेषज्ञता हासिल है. वे इग्नू में ही कई प्रमुख पदों और कुछ अन्य सरकारी योजनाओं में काम भी कर चुकी हैं.

### फिल्म तन्वी द ग्रेट टैक्स फ्री

**भोपाल.** राज्य सरकार ने फिल्म तन्वी द ग्रेट को टैक्स फ्री करने के आदेश जारी कर दिये हैं. टैक्स में छूट 25 जुलाई से 23 अगस्त तक की अवधि में मिलेगी. अनुपम खेर निर्देशित ये फिल्म प्रदेश में 18 जुलाई को रिलीज की गई थी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिल्म के निर्देशक अनुपम खेर के साथ राजधानी के एक मल्टीप्लेक्स में ये पिक्चर 21 जुलाई को देखी थी, उसके बाद ही उन्होंने फिल्म को मप्र में टैक्स फ्री करने की घोषणा कर दी थी. इसी क्रम में वाणिज्यिक कर विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिये हैं.

## गुस्ताखी माफ




# यौन संबंधों के लिए सहमति की उम्र 18 साल से कम नहीं हो सकती

- कानून के प्रावधानों में कोई ढील नहीं दी जा सकती : केंद्र
- दशकों की बाल संरक्षण की प्रगति को पीछे धकेल देगा

**नयी दिल्ली,25 जुलाई. केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को स्पष्ट रूप से बताया है कि शारीरिक संबंध ( यौन संबंध ) बनाने के लिए सहमति की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष से कम नहीं की जा सकती. इसका मुख्य उद्देश्य नाबालिगों को यौन शोषण से बचाना है, विशेषकर ऐसे मामलों में जहां शोषण रिश्तेदारों या परिचितों द्वारा किया जाता है.**

वर्तमान में भारत में 18 वर्ष की उम्र को ही यौन संबंधों के लिए वैध सहमति की न्यूनतम सीमा माना जाता है. हाल ही में कुछ याचिकाओं के माध्यम से इस उम्र सीमा को कम करने की मांग उठी थी, जिसका जवाब देते हुए केंद्र ने कहा कि किशोरों की सुरक्षा के लिए यह सीमा आवश्यक है. केंद्र ने यह भी माना कि प्रेम संबंधों में शामिल किशोरों के मामलों में न्यायालय अपने विवेक से निर्णय ले सकता है, परंतु कानून के प्रावधानों में कोई ढील नहीं दी जा सकती. सरकार ने अपने लिखित जवाब में कहा कि अगर सहमति की उम्र में कोई छूट दी जाती है तो यह दशकों की बाल संरक्षण की प्रगति को पीछे धकेलने जैसा होगा और पोक्सो अधिनियम 2012 एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रभावशीलता को कमजोर करेगा.

# उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली, 25 जुलाई.** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव प्रमोद चंद्र मोदी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है और उनकी सहायता के लिए राज्यसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया है.

आयोग ने इस संबंध में गजट अधिसूचना शुक्रवार को जारी की. आयोग ने कहा कि उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत विधि एवं न्याय मंत्रालय के साथ परामर्श करके इस चुनाव के संबंध में निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है.

# मैंने और कांग्रेस ने गलती की : राहुल

- आरएसएस और भाजपा जहर जैसे हैं : मल्लिकार्जुन खड़गे
- जाति-जनगणना नहीं करवाया पिछड़ों का संरक्षण नहीं किया

**नयी दिल्ली,24 जुलाई. दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ने शुक्रवार को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया, जहां पार्टी के प्रमुख नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई.**

इस कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने खुद की राजनीतिक भूल स्वीकारते हुए कहा कि उन्होंने ओबीसी वर्ग की रक्षा करने में चूक की है, जो उनकी अब तक की सबसे बड़ी गलती रही है.



राहुल गांधी ने कहा, मैं 2004 से राजनीति में हूं. जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो लगता है कि मैंने ओबीसी की रक्षा उस तरह नहीं की, जैसी करनी चाहिए थी. अगर मुझे आपके इतिहास और मुद्दों की जानकारी होती तो उसी समय जातिगत जनगणना करा देता. जातिगत जनगणना न कराना यह मेरी गलती थी, कांग्रेस पार्टी की नहीं. मैं इस गलती को सुधारूंगा.

> कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, मोदी झूठों के सरदार हैं. उन्होंने हर मोर्चे पर देश को गुमराह किया चाहे वह 2 करोड़ नौकरियों का वादा हो या काला धन लाने की बात. आरएसएस और भाजपा जहर जैसे हैं, अगर आप इस जहर को चख लेते हैं तो आपका सफाया तय है. हमें एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा. राहुल गांधी सचमुच दलितों और पिछड़ों के लिए लड़ते हैं. अगर 30 और सीटें आतीं, तो आज सरकार हमारी होती.

# पांचवें दिन भी ठप रहा संसद का सत्र

- एसआईआर मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों ने किया हंगामा
- दोनों सदनों की कार्यवाही 28 तक स्थगित कर दी गई

**नयी दिल्ली,25 जुलाई. संसद का मानसून सत्र लगातार पांचवें दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया. शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई. विपक्षी दलों ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) को लेकर जमकर हंगामा किया.**

सुबह कार्यवाही शुरू होते ही



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत अन्य विपक्षी सांसदों ने प्रतीकात्मक विरोध करते हुए एसआईआर दस्तावेजों को फाड़कर कूड़ेदान में फेंका. नारेबाजी और विरोध के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक और लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी बाद में दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई.

> खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा चुनाव आयोग ने आज आधिकारिक एलान किया है कि वह एसआईआर पूरे देश में लागू करेगा. मोदी सरकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों और वंचितों के वोट काटना चाहती है, ताकि वे भारत के संविधान को मनुस्मृति के मुताबिक बदलाव कर सके.

# ईडी के पूर्व अधिकारी को तीन वर्ष की सजा

**नयी दिल्ली, 25 जुलाई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बेंगलुरू स्थित विशेष अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय के एक पूर्व अधिकारी को तीन वर्ष की सजा के साथ उसपर साढ़े पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. सीबीआई के अनुसार ललित बजाड़ नाम का यह अधिकार बेंगलुरु निदेशालय में कार्यरत था. उस पर एक निजी शिकायतकर्ता से पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने का आरोप था. अधिकारी ने शिकायतकर्ता को कानूनी कार्यवाही में उलझाकर उसके व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने का भी डर दिखाया था.

# 4 नक्सलियों की गिरफ्तारी

**सुकमा, 25 जुलाई. छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के जवानों ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया. जगरगुण्डा का बल एवं कैम्प बेदरे 165 वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ ) की संयुक्त पार्टी ने आज थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय जगरगुण्डा एरिया कमेटी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस के अनुसार सभी नक्सली गत 29 जून को कैम्प बेदरे के सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल रहे हैं. नक्सलियों से एक टिफिन बम भी बरामद किया गया है.

इन नक्सलियों के विरूद्ध घटना के संबंध में थाना जगरगुण्डा में पूर्व से संगीन मामले दर्ज हैं. ये सभी नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम बोड़नगुड़ा के है निवासी हैं. मिली जानकारी के अनुसार मामला सुकमा जिले का है जहां जवानों ने चार कट्टर माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया है. सभी नक्सली आईईडी प्लांट करने की वारदात में शामिल थे. यह गिरफ्तारी जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई के तहत अंजाम दिया गया है.

> ### नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग विस्फोट में अग्निवीर शहीद
>
> **जम्मू, 25 जुलाई.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ ज़िले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में शुक्रवार को सेना का एक जवान (अग्निवीर) शहीद हो गया. व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्हाइट नाइट कोर के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग और सभी रैंक 7 जाट रेजीमेंट के अग्निवीर ललित कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कृष्णा घाटी ब्रिगेड के सामान्य क्षेत्र में एक बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद क्षेत्र नियंत्रण गश्त के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया.

**पीएम पहुंचे मालदीप** ▶ भारत-मालदीव संबंधों को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने वाला कदम, मोदी को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

# दोनों देशों की साझेदारी से विकास की गति भरेगी उड़ान

**माले, 25 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को मालदीव पहुँचे. प्रधानमंत्री मोदी के मालदीव पहुँचने पर माले हवाई अड्डे पर खुद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया. उनके साथ मालदीव के विदेश, रक्षा, वित्त और गृह सुरक्षा मंत्री भी मौजूद थे.**

स्वागत के दौरान पारंपरिक मालदीवियन नृत्य प्रस्तुत किया गया और भारतीय समुदाय के लोगों ने वंदे मातरम के नारों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया. इस



दौरान भारत ने मालदीव को 5,000 करोड़ रुपये की ऋण सहायता देने की घोषणा की. रिपब्लिक स्क्वायर में आयोजित औपचारिक स्वागत समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया और उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई. यह प्रधानमंत्री मोदी की मुइज़्ज़ू के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली उच्च-स्तरीय भारतीय यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच फिर से विश्वास और सहयोग का नया अध्याय खोलती है. प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान भारतीय प्रवासी समुदाय से भी मुलाकात की, बच्चों को ऑटोग्राफ दिए और उनकी बनाई पेंटिंग्स की सराहना की. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, राष्ट्रपति मुइज्जू द्वारा स्वयं एयरपोर्ट पर आकर स्वागत करने से अभिभूत हूं.

### प्रमुख समझौते और सहयोग

1. **ऋण सहायता समझौता:** भारत ने मालदीव को 5000 करोड़ रुपये की ऋण सहायता देने की घोषणा की.
2. **द्विपक्षीय निवेश संधि :** दोनों देशों ने द्विपक्षीय निवेश संधि को अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की.
3. **मुक्त व्यापार समझौते पर तेज़ बातचीत:** व्यापार को और अधिक सुगम व बढ़ावा मिल सके.
4. **स्थानीय मुद्रा में व्यापार की पहल:** इससे डॉलर पर निर्भरता घटेगी और व्यापारिक लेन-देन अधिक सहज हो.

> ### पीएम मोदी ने तोड़ा इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड
>
> **नयी दिल्ली,25 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 26 जुलाई 2025 को लगातार प्रधानमंत्री पद पर 4,078 दिन पूरे कर लिए. इसके साथ ही उन्होंने इंदिरा गांधी का 4,077 दिनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो उन्होंने 1966 से 1977 तक बनाया था. अब मोदी लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं. उनसे आगे केवल जवाहरलाल नेहरू हैं, जिन्होंने 6,130 दिन देश का नेतृत्व किया. पीएम मोदी आज़ादी के बाद जन्मे पहले, गैर-कांग्रेसी, और गैर-हिंदी भाषी राज्य (गुजरात) से आने वाले प्रधानमंत्री हैं. उन्होंने 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत से चुनाव जीता और 2024 में तीसरी बार सत्ता में लौटे. उन्होंने अब तक छह चुनावों में भाजपा को जीत दिलाई तीन गुजरात विधानसभा और तीन लोकसभा चुनावों में. वडनगर के साधारण परिवार में जन्मे मोदी ने चाय बेचने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय किया.